दैनिक
न्याय साक्षी



## महत्वपूर्ण एवं खास

### छपोरा में महिलाओं से किया गया धोखाधड़ी

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** कसाईपाली छपोरा में निवासरत महिला श्रीमती तुलसी, नीला बाई, हरिप्रिया सिदार, भारती मांझी, सावित्री सिदार, मरमदा सिदार, सुजाता मांझी के नाम से उनके गांव में रहने वाली पालावती चौहान एवं अमरनाथ कर्ष द्वारा एचडीएफसी बैक रायगढ़ में फर्जी हस्ताक्षर कर इनके नाम 25-25 हजार रूपये बैक लोन फर्जी तरीके से धोखाधड़ी कर निकलवा कर तथा अवैध तरीके से ए.टी.एम. कार्ड जारी कराकर लोन की रकम निकाल लिये। लोन किश्तों की रकम अदायगी नहीं होने पर जब बैक द्वारा महिलाओं को नोटिस दिया गया तब महिलाओं को इसकी जानकारी हुई और वे बैंक में पता किये जो धोखाधड़ी उजागर हुआ। पीड़ितों ने इस संबंध में शिकायत पत्र पुलिस कार्यालय में दिया था, जिसकी जांच शिकायत सेल पुलिस कार्यालय द्वारा की जाकर थाना कोतवाली में पालावती चौहान एवं अमरनाथ कर्ष के विरूद्ध अप.क्र. 1505/18 धारा 420, 467, 468, 471, 34 ता.हि. पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

### दो अलग-अलग जगहों से बालिका लापता

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** 10 नवम्बर को 02 चचेरी बहने (उम्र 17-17 वर्ष) 8 नवम्बर के सुबह 11 बजे ग्राम तुरेकेला (खरसिया) काली पूजा देखने के नाम से घर से निकली हैं और घर वापस नहीं आयी। बालिका के परिजन दोनों बहनों की तलाश अपने जान परिचित, रिश्तेदारों में कर रहे थे कि इसी बीच इनके एक रिश्तेदार ने लापता लड़कियों द्वारा फोन से संपर्क करने की बात बताये। बालिका के परिजनों द्वारा 10 नवम्बर को थाना खरसिया में बालिकाओं के लापता होने की रिपोर्ट दर्ज कराया गया, जिस पर अप.क्र. 808, 809/18 धारा 363 ता.हि. पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। वहीं 9 नवम्बर को थाना कोसीर अन्तर्गत रहने वाली 15 वर्षीय बालिका गांव में नवधा रामायण सुनने जा रही हुं कहकर घर से निकली और उसके बाद घर वापस नही आई । बालिका के परिजनों ने बालिका को पता तलाश किया, पता नहीं चलने पर आज दिनांक 11.11.18 को थाना कोसीर में बालिका के लापता होने की रिपोर्ट दर्ज कराये हैं, रिपोर्ट पर अप.क्र. 248/18 धारा 363 ता.हि. पंजीबद्ध कर बालिका की पतासाजी की जा रही है।

### ध्वनि प्रदूषण फैलाते कांग्रेस व भाजपा के 3 वाहन पकड़ाए

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** पर्यवेक्षक का एक दल आज सुबह बरमकेला क्षेत्र में राजनीतिक दलों के चुनाव प्रचार की कार्यप्रणाली पर नजर रखने निकला हुआ था इसी दौरान बरमकेला में एक के बाद एक तीन वाहन जिसमें डीजे लगाकर ध्वनि प्रदूषण फैलाया जा रहा था। तीनों पर कार्रवाई करते हुए बरमकेला थाना मैं खड़ा करा दिया गया। मिली जानकारी के अनुसार एक पिक अप में तो डीजे वाहन के साथ 7 लोग भी थे जिन्हें भी थाने ले आया गया। इससे राजनीतिक दल में हड़कंप मच गया। मिली जानकारी के अनुसार दो डीजे युक्त वाहन कांग्रेस का और एक भाजपा की बताई जा रही है।

### इंदिरा विहार में युवक बना करैत का शिकार

**डिप्टी रेंजर सहित अध्यक्ष के प्रयास से बची जान**

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** इंदिरा विहार में आज एक युवक सफाई कार्य कर रहा था। तभी एक करैत ने युवक को अपना शिकार बना लिया। इससे युवक की हालत खराब होने लगी, तब मामले की जानकारी समिति अध्यक्ष को लगी, तो उसने तत्काल मामले की सूचना डिप्टी रेंजर व अपने उच्चाधिकारियों को दी। इसके बाद उच्चाधिकारियों के निर्देश पर युवक को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां इलाज के दौरान अब उसकी स्थिति खतरे से बाहर बतायी जा रही है।

### व्यापारी बंधू अधिक से अधिक मतदान करें -चेम्बर

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स रायगढ़ इकाई ने जिले के समस्त व्यापारी बंधुओं से आह्वान किया है कि वह आगामी विधानसभा चुनाव में अधिक से अधिक संख्या में मतदान करें। मतदान करना न केवल जागरूक नागरिक होने की निशानी है बल्कि मतदान करने से एक आत्म गौरव की अनुभूति होती है ।चेंबर अध्यक्ष राजेंद्र अग्रवाल महामंत्री हीरा मोटवानी ने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में भले ही हमें अपने व्यापार व्यवसाय से दो चार घंटे का समय निकालना पड़े लेकिन हमें आवश्यक रूप से मतदान करना है ऐसा संकल्प सभी व्यापारी बंधुओं को लेना चाहिए।

# 40 हजार हेक्टेयर रकबे में सूखे का असर, 54 हजार किसानों को नुकसान




**न्याय साक्षी/रायगढ़।** कमजोर मानसून के बाद जिले में अब 40 हजार हेक्टेयर धान के रकबे में सूखे का असर पड़ने लगा है। खरीफ में धान की पैदावार व कटाई के बाद कृषि विभाग ने नजरी अनावारी की जो रिपोर्ट शासन को भेजी है। उसमें रायगढ़ जिले की 9 तहसीलों से 54 हजार किसानों को नुकसान होना बताया गया है।

चुनावी साल में किसानों की परेशानी एवं सूखे का दर्द गुम हो गया है। जिले में इस बार मानसून के दगा देने के बाद औसत से 16 प्रतिशत कम बारिश हुई थी और 9 में से 8 तहसीलों में बीते 10 सालों के मुकाबले 18 से 32 प्रतिशत तक कम बारिश दर्ज की गई थी। कमजोर बारिश के बाद सिंचिंत रकबे वाले किसानों ने अपनी फसल बचा ली लेकिन जो असिंचिंत रकबे वाला धान का रकबा था। वहां किसान चाहकर भी कुछ नहीं कर सके। अक्टूबर महीने में जब फसल पकने लगी तो भी उम्मीद थी, कि थोड़ी बरसात हो जाए तो कुछ राहत मिल सकती है लेकिन ऐसा नहीं हो सका। अब किसानों की फसलें सूखने लगी तो राज्य सरकार ने जिले से रिपोर्ट मांगी थी। कृषि विभाग ने रायगढ़ की सभी तहसीलों की धान की नजरी अनावारी वाली रिपोर्ट बनाई। वो चौकाने वाली आई है। शासन को भेजी गई इस रिपोर्ट के अनुसार जिले में धान के 2 लाख 24 हजार हेक्टेयर के कुल रकबे में से 39 हजार 980 हेक्टेयर रकबे में सूखे का असर दिखने लगा है। अलग अलग तहसीलों से आई इस रिपोर्ट में जिले में करीब 54 हजार किसानों को नुकसान होना बताया गया है। अब सरकार को इन किसानों को बीमा क्लेम एवं आरबीसी के तहत मुआवजा देना पड़ सकता है।

**पुसौर लैलूंगा में ज्यादा परेशानी**

पुसौर ने बीते साल भी सूखे की मार देखी थी और इस बार भी टिकरा खेत एवं असिंचिंत रकबे वाले इलाके में किसानों की फसल सूख गई है। खेतों में जाकर कृषि विभाग ने जो रिपोर्ट तैयार की है। उससे ज्यादा नुकसान है।

## शराब की लत और कर ली आत्महत्या



**न्याय साक्षी/रायगढ़।** शराब की बुरी आदत के कारण 45 साल के एक व्यक्ति ने आत्महत्या कर ली। बताया गया कि बीते शनिवार को उसने खुद का आग लगा लिया जिसके बाद रायगढ़ मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचने के कुछ मिनटों बाद ही उसकी मौत हो गई। घटना जशपुर जिले के रोकबहार गांव की है,जहां रहनेवाले बालिक राम साहू पिता घासी राम साहू 45 को शराब पीने की बुरी लत थी, इसके अलावा बताया गया कि उसके पास कोई काम धंधा भी नहीं था और छोटी छोटी बातों पर घर के लोगों पर अपना गुस्सा निकालते रहते थे। बीते शनिवार को जब घर में कोई नहीं था, उसने खुद पर तेल छिड़ककर आग लगा ली। बुरी तरह से जली हालत में परिवार के लोग उसे ईलाज के लिए रायगढ़ मेडिकल कॉलेज पहुंचे थे, जहां ईलाज के लगभग दस मिनट बाद ही उसकी मौत हो गई।

## जवाहर नवोदय विद्यालय में प्रवेश हेतु ऑनलाईन आवेदन 30 नवम्बर तक

**चयन परीक्षा 6 अप्रैल 2019**

रायगढ़। जवाहर नवोदय विद्यालय भूपदेवपुर में सत्र 2019-2020 के लिए कक्षा 6 वीं में प्रवेश हेतु चयन परीक्षा 6 अप्रैल 2019 को रायगढ़ जिले के विभिन्न परीक्षा केन्द्रों में आयोजित की जाएगी। इसके लिए ऑनलाईन आवेदन करने की अंतिम तिथि 30 नवम्बर 2018 निर्धारित है।

उक्त परीक्षा हेतु अभ्यर्थी को जिले के मान्यता प्राप्त विद्यालय में कक्षा 5 वीं में अध्ययनरत एवं जन्म तिथि 1.5.2006 से 30.4.2010 के मध्य होनी चाहिए। अभ्यर्थी संबंधित दस्तावेजों एवं निर्धारित प्रपत्र में भरकर एवं प्रधानाध्यापक से प्रमाणित कराने के पश्चात समिति के वेबसाइट www. navodaya. gov.in एवं www. nvshqorg में ऑनलाइन जमा कर सकते है।

इस संबंध में अन्य जानकारी के लिए जवाहर नवोदय विद्यालय के वेबसाईट में अवलोकन कर सकते है।

**Public Notice**

Criminal cases pending against me.

1. FIR No. Nil Thana Punjpathara, Case No. 104/2018 Sec. 182 IPC JMFC Court, Raigarh
2. FIR No. 115/2010, Thana Tamnar Case No. 105/2018 Sec. 500 to 506, 294, 34, 35 IPC JMFC Court, Raigarh

Ramesh Kumar Agrawal
Candidate Kharsia-18
District Raigarh

## आम सूचना

**रायगढ़।** 9-7-2010 कुन्जेमुरा जिंदल पावर की जनसुनवाई में रमेश अग्रवाल, हरिहर पटेल एवं राजेश त्रिपाठी के ऊपर अपराध दर्ज किया गया जिसका केश क्रमाक 115/10 धारा 500, 501, 502, 503, 504, 505, 506, 294, 34, 35 के तहत ममला दर्ज हैं जो आज दिनांक 105/18 जेएमएफसी रायगढ़ में विचाराधीन हैं उक्त मामलें मे जनसुनवाई दिनांक के एक दिन पहले जिंदल कंपनी के द्वारा पुलिस अधीक्षक रायगढ़ को धमकी दी गई थीं जिसकी हमारे लोगों द्वारा विरोध की गई थी जिसके कारण जिंदल के अधिकारी राजेश तंवर द्वारा एफआईआर दर्ज करवाई गई थी।

## भाजपा की और से योगी व स्मृति ईरानी संभालेगी रायगढ़ में मोर्चा

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** छत्तीसगढ़ में दूसरे चरण के होने वाले मतदान के लिये स्टार प्रचारको का केम्पियन शुरु हो गया हैं 12 नवंबर को भाजपा की केद्रिय मंत्री स्मृति ईरानी रायगढ़ विधान सभा के सरिया में आमसभा को सम्बोधित करने वाली हैं 13 को कांग्रेस के राहुल गांधी खरसिया व रायगढ़ में होगें तो 14 को यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रायगढ़ के मिनी स्टेडियम में सभा लेगें। इसी दिन मुख्य मंत्री रमन सिंह भी जिले की विभिन्न विधान सभाऔ में रोड़ शो व सभा करने वाले हैं भाजपा के पास स्टार प्रचारकों की भरमार हैं तो कांग्रेस में इस मामले में सूखा पड़ा हुआ हैं।

# उर्दना-सर्किट हाउस व्हीआईपी मार्ग से शहरवासी परेशान

**भारी वाहनों के गुजरने से सड़क की नीव हुई खराब**



**न्याय साक्षी/रायगढ़।** उर्दना-सर्किट हाउस रोड को शहर का वीआईपी मार्ग कहा जाता है, लेकिन स्थिति गांवों की पीएम या सीएम सड़क से भी बदहाल है। कई सालों बाद जब इसके कायाकल्प की योजना बनी, तो लगा अब इसकी स्थिति सुधर जाएगी। लेकिन, इस सड़क का निर्माण कार्य प्रारंभ होते ही शहरवासियों को धक्का लगा। न तो इस वीआईपी सड़क की बेस पर ध्यान दिया गया और न ही सड़क पर लगने वाली निर्माण सामग्री। ठेकेदार व अफसरों की गठजोड़ ने करोड़ों की लागत से बन रही इस सड़क की नींव ही खराब कर दी। वर्तमान में हालत यह है कि सड़क पर वाहन के चलने से ही गिट्टी छिटकने लगती है। पूरी सड़क पर रेत व बजरी बिछी हुई दिखती है। सीमेंट तो नाममात्र का ही मिला हुआ है। साथ ही साथ इस मार्ग से गुजरने वाले राहगिर इस मार्ग में उड़ने वाले धुल से खासे परेशान है।

## डाक मतपत्र के मतदाताओं से आवेदन 13 नवम्बर तक स्वीकार

रायगढ़। विधानसभा निर्वाचन 2018 अंतर्गत डाक मतपत्र द्वारा मत देने के लिए निर्वाचन ड्यूटी पर नियुक्त मतदाताओं से आवेदन पत्र (प्रारूप-12) 13 नवम्बर शाम 5 बजे तक स्वीकार किए जायेंगे। नियत समय के पश्चात प्राप्त आवेदन (प्रारूप-12)डाक मतपत्र प्राप्ति के लिए अमान्य होंगे।





**तत्काल आवश्यकता है**

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र हेतु कम्पयूटर ऑपरेटर, सर्वे करने के लिए, बंडल कार्य हेतु, एवं रिपोर्टर/संवाददाता रायगढ़ एवं जशपुर जिले के लिए तत्काल चाहिए ... संपर्क करें...

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग.
मो. नं. 9039961090

**ऑफसेट प्रिंटिंग - न्यूज पेपर प्रिंटिंग**

वेस्ट जर्मनी की ऑफसेट मशीन *हेडलबर्ग* से 4 कलर की सभी तरह की प्रिंटिग होती है। प्रिंटिंग जॉब हेतु सम्पर्क करें....

न्यायसाक्षी प्रिंटर्स एण्ड प्रेस
श्रीराम कॉलोनी, स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग. मो. नं. 9589876400

**न्यायसाक्षी समाचार-पत्र की**

खरसिया,सारंगढ़, पुसौर, तमनार,घरघोड़ा, धरमजयगढ़, पत्थलगांव लुड़ेग, कांसाबेल, कुनकुरी, जशपुर एवं आसपास के क्षेत्रों में एजेंसी देना है, तत्काल संपर्क करें।

स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़, छ.ग. संपर्क करें मो.नं. 9039961090


स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO.-CHHHIN16931